## एक नजर में

### नि : शुल्क आयुष शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार एवं आमजन मानस में जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर समर्रा द्वारा ग्राम सिलामिति में नि :शुल्क आयुष शिविर लगाया गया।**

शिविर में 72 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा औषधि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त स्त्रीरोग, वातरोग, उदर रोग,चर्म रोग, कास रोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। बीपी एवं शुगर की जांच की।आहार विहार और वर्तमान ऋतु में होने वाले रोगों की बचाव के उपाय बताए। इस शिविर में डॉ वर्षा बिल्थरे , डॉ.रिचा वोद्ध, हेमन्त प्रजापति , श्रीमति ममता साहू, मुन्नालाल सौंर आशीष अहिरवार, राजवेंद्र अहिरवार एवं ग्रामीणवासी सम्मिलित हुए।

# महाविद्यालय में छात्रों के लिए नहीं पीने के पानी की सुविधा

**खेल मैदान न होने से कैसे मनेगा राष्ट्रीय योग दिवस**

**प्यास बुझाने एक किलो मीटर का सफर तय करना पड़ता है**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/मोहनगढ़ शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सरकार भले ही चिंतित हो लेकिन जिले के शासकीय महाविद्यालय मोहनगढ़ में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही खेल मैदान की। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का आरोप है कि महाविद्यालय मोहनगढ़ में लगभग 500 से अधिक छात्र संख्या है और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे छात्रों को या तो प्यासा रहना पड़ता है या फिर प्यास बुझाने के लिए कॉलेज के बाहर 1 किलोमीटर दूर बस स्टैंड की दुकानों पर पानी पीने को आना पड़ता है। छात्रों ने जिला प्रशासन से पेयजल की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।**

दरअसल छात्रों ने बताया कि कल राष्ट्रीय योग दिवस है लेकिन यहां पर छात्रों को न तो योग करने की जगह है और न ही खेलने के लिए खेल मैदान की व्यवस्था नहीं है जब इस विषय में महाविद्यालय प्राचार्य गणेश प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महाविद्यालय का निर्माण करने वाली एजेंसी एवं ठेकेदार की लापरवाही छात्रों के साथ स्टाफ की परेशानियों को बड़ा दिया है। महाविद्यालय में ना तो सुव्यवस्थित खेल ग्राउंड का निर्माण कराया गया और न ही भवन के अंदर ओपन ग्राउंड का व्यवस्थित निर्माण कराया गया किया गया। जिससे महाविद्यालय को बच्चों की शारीरिक एक्टिविटी एवं योग क्रियाएं करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की उचित व्यवस्था को लेकर भी विभाग को इससे पहले लिखित में एवं प्रशासन की विभागीय बैठक में अधिकारियों को मौखिक अवगत कराया गया हैं महाविद्यालय में पीने का पानी एक बड़ी आवश्यकता है पानी न होने से शौचायलयों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं ।छात्रों के साथ स्टाफ को भी 4 से 5 घंटे कंठ सुखा कर बैठना पड़ता है। छात्रों ने महाविद्यालय में शुद्ध पेयजल के साथ खेल ग्राउंड और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वॉल निर्माण कराए जाने की मांग की है। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सरकार भले ही चिंतित हो लेकिन जिले के शासकीय महाविद्यालय मोहनगढ़ में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही खेल मैदान की। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का आरोप है कि महाविद्यालय मोहनगढ़ में लगभग 500 से अधिक छात्र संख्या है और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे छात्रों को या तो प्यासा रहना पड़ता है या फिर प्यास बुझाने के लिए कॉलेज के बाहर 1 किलोमीटर दूर बस स्टैंड की दुकानों पर पानी पीने को आना पड़ता है।

छात्रों ने जिला प्रशासन से पेयजल की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है। इसके अलावा छात्रों ने बताया कि शाम होते ही महाविद्यालय परिसर में आसमाजिकतत्वों का जमावड़ा लग जाता है। इस ओर पुलिस एवं कोई भी जिम्मेदार ध्यान देना उचित नहीं समझता है।

**लिखित एवं बैठक में मौखिक करा चुके अवगत**

इस विषय में महाविद्यालय प्राचार्य गणेश प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पानी की उचित व्यवस्था को लेकर भी विभाग को इससे पहले लिखित में एवं प्रशासन की विभागीय बैठक में अधिकारियों को मौखिक अवगत कराया गया हैं महाविद्यालय में पीने का पानी एक बड़ी आवश्यकता है पानी न होने से शौचायलयों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं ।छात्रों के साथ स्टाफ को भी 4 से 5 घंटे कंठ सुखा कर बैठना पड़ता है। छात्रों ने महाविद्यालय में शुद्ध पेयजल के साथ खेल ग्राउंड और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वॉल निर्माण कराएं जाने की मांग की है।

## धूप निकलते ही मिली लोगों को ठंड से राहत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शनिवार की सुबह लोगों के लिए राहत लेकर आई। शुक्रवार को जहां दिन की शुरुआत घने कोहरे से हुई थी वहीं आज सुबह से आसमान साफ है और धूप खिली हुई है। इससे लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत मिली है।**

शक्रवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन यानी रविवार और सोमवार को आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इसके कारण दिन के तापमान में एक से दो डिग्री की कमी आ सकती है जबकि रात का तापमान 8 से 9 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।आगामी मंगलवार से मौसम साफ होने की उम्मीद है। इसके बाद दिन का तापमान 25 से 26 डिग्री के बीच पहुंच सकता है और रात का तापमान घटकर 6 से 7 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। शुक्रवार को चली सर्द हवाओं के कारण अधिक ठंड महसूस हुई थी। हालांकिए शनिवार सुबह से ठंडी हवाओं का दौर थम गया है जिससे ठंड से राहत मिली है।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री दर्ज किया गया था।

# खनिज विभाग ने दो कार्यवाहियों को दिया अंजाम





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा भी जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी प्रकार तहसीलदार दिगौड़ा श्रीमती प्राची जैन द्वारा भ्रमण के दौरान ग्राम कमलनगर में शासकीय गौचर भूमि पर मुरम का अवैध उत्खनन करते हुये ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त की गई।**

जिला खनिज अधिकारी विपुल कुमार रावत के नेतृत्व में खनिज अमले द्वारा निरीक्षण एवं चेकिंग के दौरान मुरम एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। उक्त दोनों वाहनों को जप्त कर विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए पुलिस अभिरक्षा में देहात थाना, टीकमगढ़ में रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। वहीं तहसीलदार दिगौड़ा श्रीमती प्राची जैन ने फील्ड भ्रमण के दौरान गाँव कमलनगर के शासकीय गौचर भूमि खसरा नम्बर 66/2 कुल रकबा 4.460 हेक्टेयर पर मुरम का अवैध उत्खनन करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली ज़ब्त कर सुपुर्दगी थाना जतारा को दी गई।

## मौसम को देखते हुए किसानों को दी सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी 4 दिनों के दौरान घना कोहरा छाये रहने तथा तापमान में गिरावट रहने की संभावना हैं। दिन का अधिकतम तापमान 23 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने तथा रात का न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 2 से 7 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। आगामी 4 दिनों के दौरान घना कोहरा छाये रहने तथा तापमान में गिरावट रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, किसान भाई, विशेषकर सब्जी और फलों के बागों में शाम के समय हल्की सिंचाई की व्यवस्था करें।**

आगामी 3 दिनों के दौरान घना कोहरा छाये रहने तथा तापमान में गिरावट रहने की संभावना की वजह से फसलों में इल्लियों की गतिविधि कम होगी। कहीं-कहीं चने की फसल में इल्ली का प्रकोप देखा जा रहा है परंतु अभी इल्ली की संख्या क्षतिपूर्ति सीमा से कम है किसान फसल का निरीक्षण करते रहें, तथा खेत में 20 फीट की दूरी पर टी टाईप खूंटी लगा दें एवं प्रकाश या फेरोमेन प्रपंच का प्रयोग करें। किसान भाई, गेंहू की फ़सल में पहली सिंचाई बुबाई के 20-25 दिन बाद तथा दूसरी सिंचाई बुबाई के 40-45 दिन की अवस्था में करें साथ ही साथ नत्रजन का छिटकाव करें। किसानों को सलाह दी जाती है कि सरसों की फसल में पहली सिंचाई के बाद 19:19:19 नाइट्रोजन-फास्फोरस-पोटाश खाद को एक से 1.5 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से उपयोग करे।

# वक्ताओं ने रखे वैज्ञानिक पक्षों पर विचार





**नवभारत न्यूज जतारा। शासकीय महाविद्यालय जतारा द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा अध्यात्म और विज्ञान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक सागर संभाग रहे कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतीक खरे, सचिव,बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रायपुर छत्तीसगढ़ एवं डॉ. अखिल कुमार गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, विजयनगर राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज उप्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पक्षों पर विचार रखे।**

अतिथि वक्ता सेवानिवृत्ति प्राध्यापक भूगोल डॉक्टर आरपी तिवारी द्वारा रामचरितमानस के माध्यम से अध्यात्मिक विषय पर प्रकाश डाला अतिथि वक्ता डॉ चंद्रकांत भांगे सैन्य विज्ञान हेड ऑफ़ द डिपार्टमेंट महाराष्ट्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपने विचार प्रस्तुत किया एवं अतिथि वक्ता अरविंद मीणा ने अध्यात्म एवं विज्ञान पर अपने विचार प्रस्तुत किया इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश अहिरवार ने आध्यात्मिक गहराई को विभिन्न स्लाइड के माध्यम से प्रस्तुत किया पूर्णिमा देवलिया ने महिलाओं की आध्यात्मिक क्षेत्र में भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किये ।

# विद्यार्थियों को कराया कचरा प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक**

**नगर पालिका परिषद ने बच्चों से पूछे सवाल**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया और नोडल अधिकारी अजय दीक्षित के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को कचरा प्रसंस्करण कचरा प्लांट केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है।**

कचरा प्लांट में नगर पालिका परिषद टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों को विस्तार से बताया कि घरों से निकलने वाले कचरे को गीले और सूखे कचरे में कैसे अलग किया जाता है। बच्चों को यह भी समझाया गया कि गीले कचरे से खाद कम्पोस्ट कैसे बनाई जाती है और इसका उपयोग खेतों व बागवानी में किया जाता है।

टीम द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज, कांच और धातु को अलग-अलग कर पुनर्चक्रण रीसाइक्लिंग किया जाता है जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलती है और प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से समझा। नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ टीम ने बच्चों से अपील की कि वे अपने घर स्कूल और आसपास के क्षेत्र में कचरा अलग-अलग डालें तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। यह जागरूकता कार्यक्रम बच्चों में स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया और नोडल अधिकारी अजय दीक्षित के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को कचरा प्रसंस्करण कचरा प्लांट केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। टीम द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज, कांच और धातु को अलग-अलग कर पुनर्चक्रण रीसाइक्लिंग किया जाता है जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलती है और प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है।

## खेती के लिए रमपुरा नर्सरी का होगा ठेका

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला पंचायत टीकमगढ़ के अधीन रमपुरा नर्सरी को ठेका पर मिश्रित खेती हेतु फसल उत्पादन एवं फलोद्यान्न 3 वर्ष के लिए दिया जाना है। ठेका पर दिये जाने की प्रक्रिया 2 जनवरी 2026 को कार्यालय जिला पंचायत टीकमगढ़ के सभा कक्ष में की जायेगी। इच्छुक कृषक,व्यक्ति निर्धारित दिनांक को निश्चित समय पर उपस्थित होकर भाग ले सकेंगे।**

तदनुसार रमपुरा नर्सरी ग्राम पंचायत रमपुरा, जिला टीकमगढ़ 23 एकड़ कृषि योग्य भूमि, फलदार वृक्ष एवं अन्य भूमि सहित ठेका प्रक्रिया हेतु तिथि 2 जनवरी 2026 सायं 5 से सायं 6 बजे तक अमानत, धरोहर राशि 50000 रूपये मात्र ठेका पर मिश्रित खेती हेतु फसल उत्पादन एवं फलोद्यान्न 3 वर्ष के लिए दिया जाना है। इसको लेकर जिला पंचयात विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# प्रतियोगिता में स्कूल की टीमों ने लिया भाग



**नवभारत न्यूज पलेरा। सांसद खेल महोत्सव सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पलेरा में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। नगर के रामराज ग्राउंड पर आयोजित इस महोत्सव के अंतर्गत आज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर एवं आसपास के विभिन्न स्कूलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन माननीय सांसद द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र में किया जाता है। इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है ताकि खिलाड़ी ब्लॉक स्तर से जिलाए संभाग और प्रदेश स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान खेल भावना और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। स्थानीय नागरिकों एवं खेल प्रेमियों की मौजूदगी से आयोजन में खासा उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक , तेज़ सिंह यादव, मुकेश कुमार, रामकिशोर कुशवाहा, हरसेवक राजपूत ,अंकित गुप्ता , नीलू सोना मौजूद रहे।

**विवाद** | **सहायक अभियंता ने पुलिस में कराई शिकायत दर्ज**

# बिजली पंप जब्त करने गई विभागीय टीम से किसान का विवाद



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में बिजली पंप जब्त करने गई बिजली कंपनी की टीम पर हमला हुआ है। दरअसल टीम पंचमपुर गांव में बिना कनेक्शन के चल रहे एक अवैध विद्युत पंप को जब्त करने पहुंची थी। उक्त घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। इस घटना को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।**

बिजली कंपनी के सहायक अभियंता नितिन बाथम ने बताया कि जब टीम ने पंप जब्त करना शुरू किया तो किसान परिवार ने गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने कर्मचारियों से जब्त की गई मोटर छीन ली और शासकीय वाहन पर पत्थर भी फेंके। बाथम के अनुसार मोहनगढ़ वितरण केंद्र के अंतर्गत पंचमपुर गांव में मनोज पिता हरीरे अहिरवार 25 केवी हरिजन बस्ती वाले ट्रांसफॉर्मर से अवैध रूप से विद्युत मोटर का इस्तेमाल कर रहे थे। लाइनमैन जगभान सिंह यादव ने पहले भी उन्हें कई बार सूचित किया था और कनेक्शन लेने की सलाह दी थी लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। चेकिंग के दौरान जब मनोज अहिरवार की मोटर जब्त की जा रही थी तब मनोज और उनके परिजनों ने कर्मचारी सुवेंद्र यादव और देवेंद्र कुम्हार के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और मारपीट की। उन्होंने जबरन मोटर छीन ली और शासकीय कार्य में बाधा डाली।हमलावरों ने कथित तौर पर धमकी दी कि अगर कंपनी की ओर से थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई तो टीम में शामिल कर्मचारियों के खिलाफ हरिजन एक्ट लगवा दिया जाएगा। इस घटना से विभाग के कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। सहायक अभियंता नितिन बाथम ने बताया कि इस मामले की लिखित शिकायत मोहनगढ़ थाने में दर्ज कराई गई है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पुलिस ने अब तक न तो मामला दर्ज किया है और न ही आवेदन की पावती दी है।मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में बिजली पंप जब्त करने गई बिजली कंपनी की टीम पर हमला हुआ है। दरअसल टीम पंचमपुर गांव में बिना कनेक्शन के चल रहे एक अवैध विद्युत पंप को जब्त करने पहुंची थी। घटना शनिवार दोपहर की है।

**जांच उपरांत होगी कार्यवाही**

मोहनगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचमपुरा गांव में बिजली विभाग की टीम से हुए विवाद को लेकर सहायक अभियंता नितिन बाथम से बात की तो उन्होनें बताया कि इस मामले की लिखित शिकायत मोहनगढ़ थाने में दर्ज कराई गई है।हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पुलिस ने अब तक न तो मामला दर्ज किया है और न ही आवेदन की पावती दी है। वहीं पुलिस की माने तो इस मामले में पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच की जा रही है।जांच उपरांत कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

## कार्यालय अनुविभागीय (राजस्व) टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्र./430/प्र.आ.यो./2025 — टीकमगढ़, दिनांक 19/12/2025

### सार्वजनिक सूचना

नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के पत्र क्र. एफ-4209/2025/18-3/भोपाल दिनांक 17/11/2025 के द्वारा मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति अधिनियम 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पट्टे निम्नलिखित हितग्राहियों दिया जाना है, जिस संबंध में प्रारंभिक सर्वेक्षण सूची के भूमिहीन हितग्राही के प्राप्त दावे-आपत्ति-सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं. सूची निम्नानुसार है :-

| क्र. | आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MP03434122516700504З | दीपमाला करौसिया | ताराचन्द्र | वार्ड नं. 15 |
| 2 | MP034341125178733343 | श्रीमती अमीना बानो | नवी प्यारे | वार्ड नं. 15 |
| 3. | MP034340725140464359 | मुन्ना कुशवाहा | दयाराम | वार्ड नं. 15 |
| 4. | MP034340425175634669 | श्रीमती सीमा पटैरिया | पंकज पटैरिया | वार्ड नं. 06 |
| 5. | MP034340125110839000 | राजकुमार खरे | | वार्ड नं. 06 |
| 6. | MP024340425205008900 | श्रीमती मीनाज बानो | नसीर | वार्ड नं. 26 |

उपरोक्त हितग्राहियों के संबंध में दावा-आपत्ति दिनांक 20/12/2025 से दिनांक 5/1/2026 तक कार्यालयीन समय में की जा सकती है. समय सीमा उपरान्त की गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा.

अनुविभागीय अधिकारी
जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)